>

Title: Need to provide compensation to the farmers whose crops were affected due to frost in Banda and Chitrakoot districts of Bundelkhand region in Uttar Pradesh-laid.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): आपका ध्यान एक अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा। उत्तर प्रदेश के बांदा व चित्रकूट जिलों सहित सम्पूर्ण बुन्देलखंड में पिछले 6 वर्षों से कम वर्षा होने के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है। नदी, नाले, तालाब, पोखर आदि सूखे पड़े हैं। कृषि कार्य हेतु तो जल है ही नहीं, पेयजल का भी गंभीर संकट बन गया है। इस वर्ष बुंदेलखंड के किसानों की फसल पर मौसम की बुरी मार पड़ी है। शीत लहर के दौरान पाला पड़ने से फसलें पूर्णतया नष्ट हो गई हैं। बांदा व चित्रकूट जिलों में किसानों की सबसे ज्यादा दलहनी फसलें अरहर, मसूर, चना तथा सब्जियों में पाला पड़ने के कारण पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड के बांदा व चित्रकूट जिले के किसानों की फसलों के नुकसान का न तो सर्वे कराया गया है न ही किसानों को कोई मुआवजा दिया गया है। यहां का किसान भुखमरी के कारण या तो पलायन कर रहा है या आत्महत्या करने को मजबूर है। मेरी मांग है कि अविलम्ब सर्वे कराकर किसानों का 10 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिये जाने के साथ ही क्रेडिट कार्ड धारक किसानों के फसलों के बीमा की धनराशि तत्काल उनके खातों में उपलब्ध कराई जाये।

अतः आपसे अनुरोध है कि बुंदेलखंड के किसानों हेतु बुन्देलखंड स्पेशल पैकेज से गहरे सिंचाई नलकूप लगाये जायें तथा किसानों को मुआवजा दिया जाये, ऐसी मैं मांग करता हूं।